तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री से.
न्यूनतम 29.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

10 वार्ड नंबर-1 में कच्ची गलियां बनी मुसीबत



10 जींद केंद्रीय सहकारी बैंक ने 30 हजार महिलाओं...



## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से वार

**जींद।** गांव निम्नाबाद हाल आबाद सफीदों वार्ड नंबर तीन निवासी आजाद पर वार्ड के ही सुरेंद्र ने चाकुओं से हमला कर दिया। इसमें आजाद बुरी तरह से घायल हो गया। उसे नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। सफीदों शहर थाना पुलिस ने सुरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शहर थाना सफीदों को दी शिकायत में आजाद ने कहा कि उसकी व सुरेंद्र के परिवार की पहले से ही रंजिश चली आ रही है।

### 9.82 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए नरवाना पुलिस ने मेला मंडी नरवाना के निकट सुंदरपुरा रोड रजवाहा पुल के पास छापेमारी कर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 9.82 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए प्रभारी सुखदेव ने शुक्रवार को बताया कि उनकी एक टीम उपनिरीक्षक रोशनलाल के नेतृत्व में मेला मंडी नरवाना के आसपास मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली कि आर्य उप नगर नरवाना निवासी अंशुल उर्फ गोल्डी नशा तस्करी का काम करता है।

### केमिस्ट की दुकान से 26 हजार रुपये चोरी

**जींद।** गांव भंभेवा स्थित बस अड्डे के पास केमिस्ट की दुकान से चोरों ने 26 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निजामपुर निवासी दिनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भंभेवा अड्डे के पास केमिस्ट की दुकान है और वह 29 जून की रात को दुकान बंद कर गया था लेकिन रात को चोरों ने ताले तोड़ कर दुकान में घुसकर दुकान के काउंटर में रखे 20 हजार रुपये की नकदी व तीन दिन की बिक्री लगभग छह हजार रुपये चोरी कर लिए है।

### ढांडा खेड़ी में झगड़े में तीन महिलाओं सहित पांच घायल

**जींद।** गांव ढांडा खेड़ी में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में तीन महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर पांच महिलाओं से 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढांडा खेड़ी निवासी रिटायर्ड फौजी दलेल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जून को उसका भतीजा अनुज दुध की सप्लाई करके घर आ रहा था। जब वह गांव में एक किरयाना की दुकान के पास पहुंचा तो वहां उसे काला व सुमित ने रास्ते में घेर लिया था।

### जींदः ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** फर्जी लोन एप व वेबसाइट के जरिये लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपित को सीआईए स्टाफ पुलिस ने काबू किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर आठ निवासी रिषभ ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके पास मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें सस्ती दरों पर लोन देने की बात कही गई थी।

### 41.18 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर काबू

**कैथल।** सीआईए कलायत द्वारा कलायत क्षेत्र से एक महिला नशा तस्कर को 41.18 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई राजीव कुमार, एएसआई सुभाष की टीम गश्त दौरान कलायत नेशनल हाईवे हिसार चण्डीगढ़ पर मौजूद थी। जहां पुलिस को सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि सैंसी बस्ती सजूमा रोड़ कलायत निवासी एक महिला मीनू हेरोइन (चिट्टा) बेचने का धंधा करता है।

---

### जींद में आज सायंकालीन सत्र में एचटेट लेवल 3 की 4270 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

# पुख्ता प्रबंधों के बीच अध्यापक पात्रता परीक्षा आज

### महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिंदी व सिंदूर लगाने की छूट, आज एक सत्र में तो रविवार को दो सत्रों में होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा चार व पांच जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला में 12874 अभ्यर्थी 22 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगें। चार जुलाई शनिवार को सायंकालीन सत्र में लेवल 3 की परीक्षा होगी। जिसमें 4270 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। वहीं पांच जुलाई को प्रातःकालीन सत्र में लेवल 2 की परीक्षा में 6813 अभ्यर्थी एवं सायंकालीन सत्र में लेवल 1 की परीक्षा में 1791 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षा केंद्रों की निरीक्षण व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया है। नकल व अन्य अनियमितताओं पर सख्ती से रोक लगाने के लिए प्रभावशाली उडऩदस्तों की नियुक्ति की गई हैं। पर्याप्त मात्रा में पुलिस कर्मी व प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर बोर्ड की ओर से एक-एक अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन की ओर से भी एक-एक सक्षम अधिकारी की नियुक्ति की गई है। बोर्ड द्वारा हिदायत अनुसार नेत्रहीन, अशक्त अभ्यर्थियों को 20 मिनट प्रति घंटा के हिसाब से कुल 50 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिंदी व सिंदूर लगाने की ही छूट होगी। अन्य किसी प्रकार के आभूषण जैसे अंगूठी, चैन, बालियां इत्यादि ले जाने की स्वीकृति नहीं होगी। सिख अभ्यर्थियों की धार्मिक आस्था के चिह्न ले जाने की अनुमति होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर, बायोमेट्रिक डेटा कैप्चरिंग, वीडियोग्राफी, सीसी टीवी कैमरे स्थापित करवा दिए गए हैं ताकि परीक्षा केंद्रों पर पारदर्शिता बनी रहे। परीक्षा केंद्र में बिना पहचान पत्र किसी भी अधिकारी, कर्मचारी का प्रवेश नहीं होगा। इसलिए सभी अधिकारी, कर्मचारी को अपना पहचान पत्र साथ लेकर ही परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहना होगा। परीक्षा केंद्र पर नियुक्त स्टाफ द्वारा भी परीक्षा के दौरान गले में फोटोयुक्त पहचान पत्र डालकर रखा जाना अनिवार्य है। परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त कर्मचारी जैसे कैमरा मैन, बायोमैट्रिक मैन, सीसी टीवी इत्यादि के लिए भी फोटोयुक्त पहचान पत्र पहनना अनिवार्य है।

### जींद में परीक्षा को लेकर बनाए 22 सेंटर



**कैथल।** मीटिंग के दौरान निर्देश देते एसपी मनप्रीत सिंह सूदन।

### कंट्रोल रूम स्थापित किया



डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि परीक्षा से संबंधित समन्वय एवं त्वरित सहायता के लिए लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, अभ्यर्थियों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने तथा हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। जिला प्रशासन सभी विभागों के समन्वय से परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है।

## 19 पेट्रोलिंग पार्टियां, 800 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी रहेंगे तैनात

**जींद।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में जींद पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं कानून, व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। चार व पांच जुलाई को होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए जिला जींद में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिले को 16 लोकेशनों में विभाजित किया गया है। जहां पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। संपूर्ण व्यवस्था की मॉनिटरिंग हेतु तीन डीएसपी स्तर के अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अभ्यर्थियों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के लिए 19 पेट्रोलिंग पार्टियों सहित लगभग 800 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें महिला पुलिस भी शामिल है। यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए तथा पब्लिक पार्किंग के लिए भी डयुटियां लगाई गई है तथा शहर में 16 नाके लगाए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गश्त कर किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे।

#### अनावश्यक भीड़ करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रत्येक परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। इस अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास साइबर कैफे, फोटोकॉपी, प्रिंटिंग, स्कैनिंग तथा इसी प्रकार की अन्य गतिविधियों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना या असुविधा होने पर डायल 112 व नजदीकी परीक्षा केंद्र पर तैनात किसी भी पुलिस कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं।

## कैथलः रोडवेज की चलेंगी 180 बसें, 15 रहेंगी रिजर्व

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

जिलेभर में आज 4 जुलाई को 17 परीक्षा केंद्रों पर एचटेट की परीक्षा आयोजित की जाएगी। डीएसपी सहित करीब 400 पुलिस कर्मचारियों की सुरक्षा में ड्यूटियां लगाई गई हैं तो वहीं रोडवेज विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले में 4 और 5 जुलाई को होने वाली परीक्षा के दौरान किलोमीटर स्कीम की बसों सहित कुल 180 बसें विभिन्न रूटों पर संचालित की जाएंगी, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। रोडवेज विभाग ने बस संचालन की निगरानी के लिए इंस्पेक्टरों और सब इंस्पेक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई है। बस अड्डे पर 15 अतिरिक्त बसें रिजर्व रखी जाएंगी, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर तुरंत विभिन्न रूटों पर भेजा जाएगा। यदि किसी क्षेत्र से परीक्षार्थियों की संख्या अधिक रहती है तो उनकी मांग पर बसें सीधे परीक्षा केंद्र तक भी पहुंचाई जाएंगी। विभाग के अनुसार एचटेट परीक्षार्थियों को बस यात्रा के लिए निर्धारित किराया देना होगा। इस बार परीक्षा के लिए किसी प्रकार की निशुल्क यात्रा सुविधा नहीं रहेगी। जिले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से 4 और 5 जुलाई को आयोजित होने वाली एचटेट परीक्षा के लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 9,943 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। शनिवार को सायंकालीन सत्र में लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा होगी, जिसमें 3,173 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा जिले के 10 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पांच जुलाई को प्रातःकालीन सत्र में लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा होगी, जिसमें 5,392 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए सभी 17 परीक्षा केंद्रों का उपयोग किया जाएगा। वहीं सायंकालीन सत्र में लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा होगी, जिसमें 1,378 परीक्षार्थी पांच परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे।

### डीएसपी सहित 400 पुलिस कर्मचारी तैनात

#### धारा-163 लागू, 200 मीटर दायरे में प्रतिबंध

एचटेट परीक्षा के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष आयोजन को लेकर जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा-163 लागू कर दी है। इसके तहत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानें संचालित नहीं होंगी तथा पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर भी प्रतिबंध रहेगा। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

#### सीसीटीवी, बायोमेट्रिक और जैमर से होगी निगरानी

प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर, बायोमेट्रिक सत्यापन और वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी। साथ ही पर्याप्त पुलिस बल और उड़नदस्तों की तैनाती की , ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की संभावना न रहे।

### एचटेट को लेकर कैथल पुलिस ने तानी सुरक्षा की छतरी

**कैथल।** जिला में 4 व 5 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के सफल व शांतिपूर्ण तरीके से संचालन को लेकर कैथल पुलिस द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के दिशा-निर्देशानुसार सभी डीएसपी सहित करीब 400 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा मीटिंग दौरान सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए कि वे दिनांक 4 व 5 जुलाई को 17 परीक्षा केन्द्रों पर एचटेट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों से सद्व व्यवहार करे तथा असामाजिक तत्वों के साथ कड़ाई पूर्वक निपटने में संकोच न करें ताकि परीक्षार्थियों द्वारा दी जाने वाली परीक्षा निर्बाध रूप से नकल रहित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाई जा सके। पुलिस द्वारा सभी परिक्षा केन्द्रो पर समुचित संख्या में पुलिस बल तैनात करने के अतिरिक्त पीसीआर व राइडर को आदेश दिए गये है कि वे इन क्षेत्रों में प्रभावशाली निरंतर पेट्रोलिंग करे। अगर उनके किसी काम में अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **17 परीक्षा केंद्र बनाएः** एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 व 5 जुलाई को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट लिखित परीक्षा के लिए आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए पुलिस द्वारा सभी 17 परिक्षा केन्द्रो पर समुचित प्रबंध किए गए है। 4 जुलाई को सायं कालीन सत्र तथा 5 जुलाई को सुबह व सायं कालीन सत्र में परीक्षा होगी। परीक्षा को बगैर किसी बाहरी हस्तक्षेप के संपन्न करवाने तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए पुलिस को इस प्रकार के तत्वों के खिलाफ कड़ाई पूर्वक निपटने के आदेश दिए गये है। **धारा 163 लगाईः** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिलाधीश कैथल के द्वारा सभी परिक्षा केन्द्रो के आसपास परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लगाने के आदेश पारित किए जा चुके है, अतः परिक्षा केन्द्रो के आसपास भीड़ एकत्रित नहीं होने दी जाएगी व परीक्षा केंद्रों के आसपास की किसी भी फोटो स्टेट की दुकान को खोलने की अनुमति नहीं होगी। एसपी ने बताया कि यातायात थाना प्रभारी को आदेश दिए गए है कि परीक्षार्थियों के वाहनों की पार्किंग निर्धारित किए गए स्थानों पर करवाना सुनिश्चित करे तथा निर्बाध यातायात संचालन रखे। परीक्षार्थी व उनके परिजन किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पुलिस से कर सकते है संपर्कः डीएसपी सुशील प्रकाशः डीएसपी सुशील प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि एचटेट परीक्षा दौरान कैथल पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहायता हेतु विशेष संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए डीएसपी सुशील प्रकाश के मोबाइल नंबर 9053052105 तथा डीएसपी रमेश चंद्र के मोबाइल नंबर 9053052101 से संपर्क किया जा सकता है। कैथल पुलिस ने सभी परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे, यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

---



**जींद।** बड़ौदी जलघर का निरीक्षण करते जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शहरी (अर्बन) मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सैनी। फोटो:हरिभूमि

## जींदः मार्च तक हर घर का पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन नियमित किया जाए

- मुख्य अभियंता ने पेयजल व्यवस्था के लिए बड़ौदी स्थित नव निर्मित जलघर का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शहरी (अर्बन) मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सैनी ने कहा कि जिला जींद के सभी शहरी क्षेत्रों में मार्च 2027 तक प्रत्येक घर का पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन नियमित (वैध) किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विशेष अभियान चला कर नियमितीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। मुख्य अभियंता ने यह निर्देश शुक्रवारको जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सर्कल कार्यालय जींद में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक के उपरांत उन्होंने जींद शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए गांव बड़ौदी में निर्माणाधीन नवनिर्मित जलघर का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सैनी ने कहा कि जल जीवन का आधार है तथा प्रत्येक उपभोक्ता तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक उपभोक्ता तक निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से अधिकाधिक फील्ड विजिट करें तथा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी रखें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं के पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन अभी तक नियमित नहीं हैं, उन्हें मार्च 2027 तक अभियान चलाकर नियमित किया जाए। बड़ौदी स्थित निर्माणाधीन जलघर के निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने कहा कि महत्वपूर्ण परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए। विभाग द्वारा बढ़ती मांग एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते नए जलघर, बूस्टर, ट्यूबवेल तथा पेयजल पाइपलाइन जैसी आधारभूत सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के विभिन्न शहरों में चल रही परियोजनाओं में तेजी लाई जाएं।

### पेयजल समस्या को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजौंद।** भारतीय किसान यूनियन जिला कैथल की ओर से गांव चानौत में लंबे समय से चल रही पेयजल समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गांव चनौत में पिछले काफी समय से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिसके समाधान की मांग को लेकर ग्रामीण करीब 50 दिनों से शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद महिलाएं,बच्चे और बुजुर्ग सड़क किनारे बैठकर मांगों को लेकर आंदोलन करने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की कि खानपुर वाटर वर्क्स से हांसी शहर को जाने वाली 36 इंच मुख्य पेयजल पाइपलाइन से चानौत गांव को 6 इंच का कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। भारतीय किसान यूनियन ने सरकार से मांग की है कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करते चानौत गांव के लोगों को राहत दी जाए।



एसडीएम संजय कुमार को ज्ञापन सौपते भारतीय किसान यूनियन के नेता।

### पुलिस ने दुकान से जब्त किए 216 ब्रांडेड कंपनियों के मोबाइल

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने दुकान से ब्रांडेड कंपनियों के 216 मोबाइल जब्त किए हैं। इनमें आईफोन से लेकर अन्य महंगे फोन शामिल हैं। दुकानदार पुलिस को जरूरी कागजात उपलब्ध नहीं करवा पाया। पुलिस ने दुकानदार से सभी कागजात मांगे हैं। शहर थाना प्रभारी यादवेंद्र ने कहा कि पुलिस को सूचना मिली कि दुकानदार भारी मात्रा में बिना बिल के फोन रखता है। इससे सरकार को जीएसटी का चूना लग रहा है। इसके अलावा वह यह फोन चोरी-छिपे लेकर आता है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर रानी तालाब के पास स्थित दुकान पर दबिश दी। यहां पुलिस को 216 मोबाइल फोन मिले, जिनके कागजात दुकानदार प्रस्तुत नहीं कर पाया।

### खस्ताहाल सड़क ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें

**राजौंद।** राजौंद से गांव बीर बांगड़ा को जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। सड़क इतनी ज्यादा खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बरसात के बाद हालात और भी गंभीर हो गए हैं, जगह-जगह पानी भरने से कीचड़ और गड्ढों ने रास्ते को खतरनाक बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि असंध रोड से लेकर राजौंद थाना तक सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। रोजाना इसी मार्ग से गांव के लोग राजौंद आते-जाते हैं, जिनमें स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल हैं। ऐसे में उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।कई ग्रामीणों का रोजगार राजौंद में ही है, जिससे उन्हें प्रतिदिन इस सड़क से गुजरना पड़ता है। खराब सड़क के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को भी जोखिम उठाना पड़ रहा है।



राजौंद-बीर बांगड़ा मार्ग पर के बाद सड़क पर भरे पानी और कीचड़ से गुजरने को मजबूर ग्रामीण।

---

### जिस तरल पदार्थ से घेवर या जलेबी बनाई जाए, उसका बोर्ड पर विवरण जरूरी, नहीं तो होगी कार्रवाई

## देशी घी का नाम लेकर मिलावटी घेवर बनाने वाले सावधान

- खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए आठ सैंपल, जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जांच करते हुए टीम। फोटो:हरिभूमि

घेवर का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों को उच्च गुणवत्ता का घेवर बिना किसी मिलावट के मिल सके, इसके लिए खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने भी अपनी कमर कस ली है। विभाग की टीम ने वीरवार को अलग-अलग स्थानों से आठ सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए। इसके साथ-साथ देसी घी के नाम से घेवर बनाने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी हैं कि वह जिस भी चीज से घेवर, जलेबी या अन्य खाद्य पदार्थ बनाएं, उसके मिश्रण का बोर्ड लगाना जरूरी है। इसमें यह लिखा जाए कि यह खाद्य पदार्थ किन-किन मिश्रण से मिलकर बनाया गया है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो उन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने वीरवार दोपहर बाद गोहाना रोड, सफीदों रोड, रोहतक रोड पर सड़क किनारे दुकान बना कर घेवर बेचने वालों के यहां से घेवर, जलेबी, समोसा, मावा समेत आठ सैंपल लिए। इन सैंपलों को जांच के लिए भेज दिया। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। सावन महीने को देखते हुए शहर की मुख्य सड़कों पर 50 से ज्यादा जगह देशी घी का घेवर बेचा जा रहा है। इनमें काफी जगह तो गोशालाओं का नाम लिया जा रहा है। इसमें कहा जा रहा है कि उनकी गोशाला से गाय का देसी घी लाकर यहां घेवर बनाया जा रहा है। यह देसी घी के घेवर का जमावड़ा पिछले साल से चल रहा है। इस बार भी काफी जगह देशी घी का घेवर सज चुका है। इसके साथ-साथ देशी घी से समोसे व जलेबी बनाने का नाम भी लिया जा रहा है। अब यह तो सैंपल जांच के बाद ही पता चलेगा कि यह घेवर, समोसे व जलेबी देसी घी से बनाए जा रहे हैं या फिर मिलावटी घी से। पिछले साल पिंडारा गांव के पास काफी मात्रा में मिलावटी घी पकड़ा गया था।

#### दुकान के बाहर बोर्ड लगाना जरूरी

जिला खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने देशी घी का नाम लेकर खाद्य पदार्थ बेचने वाले सभी दुकानदारों को सख्त हिदायत दी है। विभाग की तरफ से कहा गया कि इस प्रकार के दुकानदार अपनी दुकान के बाहर यह बोर्ड लाएंगे कि यह घेवर देसी घी से बनाया है, वनस्पति से या फिर डालडा से। जिस भी खाद्य पदार्थ को बनाते समय जो-जो सामग्री इसमें डाली जाए, उसका पूरा विवरण दुकान के बाहर बोर्ड पर लगा होना चाहिए नहीं तो दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बरसाना में रक्तदान शिविर पांच जुलाई को

**जींद।** बरसाना गांव में बरसाना युवा विकास समिति जींद और रामचंद्र बिमला देवी मेमोरियल ट्रस्ट बरसाना के द्वारा एक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पांच जुलाई को किया जाएगा। समिति अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि शिविर को लेकर युवाओं में उत्साह है। नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना ने कहा है कि रक्त की पूर्ति केवल मनुष्य के द्वारा ही पूरी की जा सकती है। इसीलिए हमें समय-समय पर रक्तदान जरूर करना चाहिए ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सके।

### मांगों को लेकर सौंपा डीआरएम को ज्ञापन

**जींद।** नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ने भी मांगों को लेकर डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। शाखा सचिव मेहर सिंह व शाखा अध्यक्ष अंकुर शर्मा ने कहा कि जींद मुख्यालय पर कार्यरत लोको पायलेट व ट्रेन मैनेजर को अभी तक पीने के पानी की बोतल उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। जल्द ही पानी की बोतल उपलब्ध करवाई जाए। गार्ड लाइन रेलवे कालोनी में 63-63 केवी के दो ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं और कालोनियों का विद्युत लोड ज्यादा है। इससे कालोनीनिवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोको लाबी में इंडिसट्रियल आरओ लगवाया जाए।

### नरवाना: संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

**नरवाना।** नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में शुक्रवार को 1534 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता हरिकेश मांडी ने की और मंच संचालन सतबीर खरल ने किया। मंच सांझा करते शीशपाल गुलाडी ने बताया कि भारत आज मल्टीनेशनल कंपनियों की ट्राली बन चुका हैं, जिस देश का जब दिल करता है ,उसे जोड़ कर चल देता है ,अमेरिका को तो पूछने की भी जरूरत नहीं रही है।

### एसडीएम ने सफीदों विस के बूथों का किया निरीक्षण

**जींद।** निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा ने शुक्रवार को सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के बूथ लेवल अधिकारियों तथा सुपरवाइजरों से अभियान की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे कर्मचारी

**जींद।** बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो ने लंबित मांगों के समाधान को लेकर पांच जुलाई को प्रस्तावित रोष प्रदर्शन की तैयारियां तेज कर दी हैं। संबंध में बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो ब्लॉक खरकरामजी के कर्मचारियों की बैठक आयोजित की । जिसमें आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। एसो के ब्लॉक प्रधान संदीप सिंगरोहा ब्लॉक उपप्रधान जितेंद्र सैनी, ब्लॉक सचिव सोनू रंगा तथा ब्लॉक प्रेस सचिव सुशील शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष कई बार राज्य कमेटी द्वारा कर्मचारियों की मांगें रखी जा चुकी हैं लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है।

### योग एसोसिएशन ने किया वीसी का स्वागत

**जींद।** योग एसोसिएशन जिला जींद ने डा. रामपाल सैनी को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त होने पर स्वागत किया। संगठन के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी के नेतृत्व में संगठन के समस्त पदाधिकारी ने मिलकर कुलपति को शाल देकर स्वागत किया। इस मौके पर डा. रणवीर राठी, डा. महेश आशरी, सुनीता आशरी, रामनारायण आर्य, पंडित रामकुमार अलेवा, कुमारी अंजू, नवनीत सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

## बरसात में कीचड़ से आवागमन ठप

# वार्ड नंबर-1 में कच्ची गलियां बनी मुसीबत

### कई बार शासन और प्रशासन से लगा चुके गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

नरवाना बाइपास स्थित वार्ड नंबर-1 में दादा खेड़ा की ओर जाने वाली कच्ची गली का निर्माण नहीं होने से स्थानीय लोगों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद गली में कीचड़ भर जाने से पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों का आवागमन प्रभावित हो जाता है। फिसलन के कारण कई लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि वार्ड नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वे शहरी क्षेत्र के सभी टैक्स भरते हैं, लेकिन सड़क जैसी बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। बारिश के बाद कई दिनों तक गली में कीचड़ जमा रहने से लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। रिछपाल जांगड़ा, अमजीत कुंडू, सतीश फौजी, पिंकी कंदौला, माफी नैन, रवि और विनोद ने बताया कि गली निर्माण को लेकर वे कई बार शासन और प्रशासन से मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह मार्ग नरवाना बाइपास से दादा खेड़ा होते हुए रजबाहा रोड तक जाता है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग और वाहन गुजरते हैं। कच्ची गली होने के कारण बारिश के समय कीचड़ और फिसलन से आवागमन लगभग बंद हो जाता है तथा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वार्ड नंबर-1 के पार्षद सतीश जांगड़ा ने बताया कि गली निर्माण का एस्टीमेट तैयार कर स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत गली निर्माण के साथ-साथ सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी और स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी। अप्रूवल मिलते ही आगामी प्रक्रिया शुरू कर निर्माण कार्य कराया जाएगा।





उचाना। वार्ड नंबर 1 में गली में बारिश के बाद कीचड़ को दिखाते वार्डवासी व गली से होकर गुजरते बाइक सवार।

## वृक्ष हमारे जीवन का आधार: पांचाल

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पौधरोपण करते स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सात जुलाई तक आयोजित वन महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य एवं वर्ग अनुदेशकों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, अनुदेशकों तथा संस्थान के अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान परिसर में छायादार, फलदार, औषधीय एवं सुगंधित पौधों का रोपण किया गया। जिनमें आम, चकरेसिया, नीम, गुलमोहर जैसे पौधे प्रमुख रहे। प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ व पौधे न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

## परिवार के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर होने पर प्रपत्र आठ भरें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर 2026) के दौरान ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग.अलग मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में दर्ज हैं। स्पष्ट किया कि कई सेक्टरों और कॉलोनियों का क्षेत्र दो मतदान केंद्रों में विभाजित होने तथा दोनों केंद्र एक ही भवन में संचालित होने के कारण यह स्थिति बन जाती है। ऐसे मामलों में नए मतदाता के फॉर्म 6 संबंधित दूसरे बीएलओ के पास जमा हो जाने से परिवार के सदस्य अलग-अलग मतदान केंद्रों पर पंजीकृत हो जाते हैं। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि ऐसी स्थिति में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान क्षेत्र के मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे, उन्हें भरवा कर प्राप्त करेंगे तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका डिजिटाइजेशन करेंगे। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को समय पर उपलब्ध कराएं। कहा कि यदि कोई परिवार चाहता है कि उसके सभी पात्र सदस्यों के नाम भविष्य में एक ही केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज हों तो प्रारंभिक मतदाता सूची 2026 के प्रकाशन के बाद चलने वाली दावे एवं आपत्तियों की अवधि में प्रपत्र 8 भरकर मतदान केंद्र परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### भवन निर्माण कामगार यूनि 21 जुलाई को करेगी प्रदर्शन

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जिला कमेटी जींद की बैठक प्रधान जोगिंद्र की अध्यक्षता में स्थानीय सूबे सिंह स्मारक में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 21 जुलाई को डीसी कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में श्रम विभाग द्वारा पात्र निर्माण मजदूरों की पंजीकरण (कॉपियां) काटे जाने, लेबर पोर्टल की खामियों, मजदूरों की लंबित समस्याओं तथा श्रम कल्याण बोर्ड में यूनियनों की बहाली पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि पिछले कई महीनों से भवन निर्माण कामगारों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पात्र मजदूरों के पास पहले पात्रता के संदेश आने के बावजूद अब दोबारा पंजीकरण करने के लिए कहा जा रहा है।

### सहायक उपकरण किए वितरित

**जींद।** रेडक्रॉस भवन में शुक्रवार को जरूरतमंद दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों के लिए सहायक उपकरण पहचान एवं वितरण शिविर का आयोजन किया । शिविर में जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते पात्र लाभार्थियों को फ्री सहायक उपकरण वितरित किए। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। कहा कि ऐसे शिविर दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के जीवन को अधिक सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बताया कि शिविर के दौरान छह लाख 46 हजार 505 रुपये मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए । इनमें 14 ई रिक्शा, 15 व्हीलचेयर, 78 श्रवण यंत्र (हियरिंग एड), 52 नी कैप, 20 बैसाखियां, 40 कमर बेल्ट सहित अन्य आवश्यक उपकरण शामिल हैं।



जींद। दिव्यांगों को सहायता उपकरण वितरित करते हुए।



प्रो.सज्जन सिंह एवं प्राचार्या डॉ मीनू सिंह विधार्थियों को सम्बोधित करते हुए।

### मतदाता सूची को अपडेट करवाने में योगदान दें

**नरवाना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत के एम राजकीय महाविद्यालय, नरवाना में समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों को मतदाता सूची के पुनर्रीक्षण एवं निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों को को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, विवरणों में संशोधन करने, नाम स्थानांतरण, बीएलओ का सहयोग करने, समय पर गणना फॉर्म भरने, दावे एवं आपत्तियों को समय पर दर्ज करवाने तथा पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। प्रो सज्जन सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक मतदाता सूची को अपडेट करवाने में अपना-अपना योगदान दें।

### फीवर मास सर्वे अभियान चलाया

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किनाना के अंतर्गत गांव किनाना में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना तथा मलेरिया, डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम करना था। अभियान के दौरान स्वास्थ्य सुपरवाइजर मनजीत भोला के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव के विभिन्न घरों का भ्रमण किया। इस दौरान एमपीएचडब्ल्यू कुलदीप सिंह, मनोज कुमार तथा आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की रक्त पट्टिका बनाई। मनजीत भोला ने ग्रामीणों को बताया कि लगातार या तेज बुखार को सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



जींद। डेंगू व मलेरिया को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी प्रदीप कुमार।

### शिकायतों का समय पर निस्तारण करें

**जींद।** एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि समाधान प्रकोष्ठ के तहत मिलने वाली सभी शिकायतों का समय पर और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर शिकायत लंबित न रहे। एडीसी प्रदीप कुमार मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों और अन्य माध्यमों से मिलने वाली सभी शिकायतों की स्पष्ट रिपोर्ट को नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट किया जाए। इससे शिकायतों के दोबारा खुलने की संभावना कम होगी और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि कई मामलों में अधिकारी पोर्टल पर स्पष्ट टिप्पणी दर्ज नहीं करते। इसके कारण शिकायतें लंबित श्रेणी में चली जाती हैं।



नशे के विरुद्ध बच्चों को सम्बोधित करते और शपथ दिलवाते उपनिरीक्षक नरेश कुमार।

### नशा मुक्ति अभियान चलाया


**नरवाना।** जींद पुलिस ने सूर्य अकादमी नरवाना में ड्रग्स, साइबर अपराध, यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों एंव यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार अपनी टीम सहित एवं सूर्य अकैडमी नरवाना के संचालक पंकज जांगडा अपने स्टॉफ सहित, व काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें।

## आधुनिक खेती से बढ़ेगी आय : गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह के तहत शुक्रवार को गांव निडाना में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में किसानों को सहकारिता आंदोलनए आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शुगर मिल के प्रबंध निदेशक गुलजार मलिकए गन्ना विपणन अधिकारीए सहायक गन्ना विकास अधिकारी डा. यशपाल मलिक सहित बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शुगर मिल के प्रबंध निदेशक गुलजार मलिक ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहींए बल्कि ग्रामीण विकास, आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि किसानों को संगठित कर आधुनिक कृषि तकनीकों से जोडऩा और उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना ही सहकारिता का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर समय पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएंए ताकि उन्हें फसल संबंधी योजनाओंए अनुदानए मुआवजाए सब्सिडी तथा अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। इस अवसर पर मिल के गन्ना प्रबंधक ने किसानों को चार फीट दूरी पर गन्ने की वैज्ञानिक बुवाई तकनीक के लाभों की जानकारी दी। सहायक गन्ना विकास अधिकारी डा. यशपाल ने गन्ना उत्पादकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते गन्ना कृषि यंत्रों पर उपलब्ध सब्सिडी तथा चार फीट दूरी पर गन्ना बुवाई करने पर मिलने वाले अनुदान के बारे में विस्तार से बताया।



जींद। बैठक लेते एसडीएम होशियार सिंह। फोटो :हरिभूमि

### कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**जींद।** निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम होशियार सिंह ने शुक्रवार को 34 जुलाना विस क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) अभियान की वीसी से समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी ईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ, सीडीपीओ, बीईओ तथा बीडीपीओ सहित संबंधित अधिकारी जुड़े थे। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही, ढिलाई या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाए रखते अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से कार्य करें ।

## सहकारिता सप्ताह मना कर उत्कृष्ट एसएचजी और बैंक स्टाफ का हुआ सम्मान

# जींद केंद्रीय सहकारी बैंक ने 30 हजार महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

### महिलाओं से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सहकारिता सप्ताह के अवसर पर दी जींद केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा स्वयं सहायता समूह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रोत्साहित करना, उनकी उपलब्धियों को सम्मान देना तथा ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में सहकारिता की भूमिका को और मजबूत बनाना रहा। समारोह की अध्यक्षता बैंक के महाप्रबंधक जयप्रकाश सोनी ने की, जबकि नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) रितुराज मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बैंक के चेयरमैन ओम प्रकाश ढांडा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में जिलेभर से आए 50 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यातिथि रितुराज ने अपने संबोधन में महिलाओं को नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि नाबार्ड स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए फ्री प्रशिक्षण, उनके उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित कराने तथा मुफ्त स्टॉल उपलब्ध कराने जैसी कई सुविधाएं प्रदान करता है, जिससे महिलाएं अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचा कर बेहतर आय अर्जित कर सकती हैं। महिलाओं से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक जयप्रकाश सोनी ने महिलाओं को निजी फाइनेंस कंपनियों द्वारा वसूले जाने वाले भारी ब्याज उनके एजेंटों के अनुचित व्यवहार से सावधान रहने की सलाह दी।



जींद। स्वयं सहायता ग्रुपों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

समारोह के दौरान कई सफल स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी सुखदेव लोहान, ब्रजेंद्र खयालिया, हितेष भारद्वाज, सुमित कुमार, अमन नेहरा, राजेश गोयत, सुनील कुमार, ढेवेंदर और संजय कुमार सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते आलोक। फोटो :हरिभूमि

### वित्तीय साक्षरता अनिवार्य

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के सहयोग से वित्तीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को सुरक्षित निवेश, वित्तीय प्रबंधन, साइबर सुरक्षा तथा बढ़ते वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में सेबी के मुख्य प्रशिक्षक आलोक ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने की। मुख्य वक्ता आलोक ने कहा कि आज के डिजिटल युग में वित्तीय साक्षरता प्रत्येक नागरिक के लिए अनिवार्य है। निवेश से पहले पूरी जानकारी प्राप्त करना, केवल अधिकृत संस्थानों एवं पंजीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही निवेश करना तथा किसी भी प्रकार के लालच, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और अनधिकृत निवेश योजनाओं से बचना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### समयबद्ध ढंग से अभियान पूरा करने को प्रेरित किया

**कैथल।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्धारित समय-सीमा से पहले उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को एडीसी सुशील कुमार ने सम्मानित किया। उन्होंने दोनों अधिकारियों की कार्य निष्ठा की सराहना करते अन्य बीएलओ को भी समयबद्ध ढंग से अभियान पूरा करने के लिए प्रेरित किया। एडीसी एवं पूंडरी विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी सुशील ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई निर्धारित की गई है।

### शिकायतों का त्वरित निपटान करें अधिकारी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाए। हरियाणा सरकार के समाधान प्रकोष्ठ द्वारा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए जारी दिशा-निर्देशों की गंभीरता से अनुपालना सुनिश्चित करें। शिकायत के समाधान के बाद जानकारी पोर्टल पर अपडेट की जाए, ताकि शिकायतों का दोबारा लंबित होने की स्थिति उत्पन्न न हो। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता बैठक

**राजौंद।** गांव जाखौली में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एमपीएचडब्ल्यू तेलू राम ने की।राजौंद के एसएमओ डॉ. संदीप सिंह के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में एएनएम, आशा वर्कर तथा गांव की अन्य महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने गुहला विधानसभा क्षेत्र के गांव फिरोजपुर, दाबा, चाबा का दौरान कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीष कुमार यादव ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश देते हुए कहा कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन संबंधी कार्यों के बारे में भी जानकारी ली।

### ब्राह्मण धर्मशाला में ब्रह्म शक्ति सम्मेलन कल

**कैथल।** ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित ब्रह्म शक्ति सम्मेलन 5 जुलाई को कैथल में धूमधाम से आयोजित होगा। इस सम्मेलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला बतौर मुख्यातिथि और कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सम्मेलन सीवन गेट स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मवीर शर्मा खुराना को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर ब्राह्मण समाज की ओर से धन्यवाद व्यक्त करना है।

### सीआईए कलायत पुलिस को किया सम्मानित

**कैथल।** लूट के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ उपरांत काबू करने तथा अन्य आरोपियों की धरपकड़ में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सीआईए कलायत पुलिस टीम को एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए कलायत पुलिस टीम द्वारा 21 जून को आरोपी पंचकूला निवासी निरंजन उर्फ माल्टा को 21 जून को किठाना क्षेत्र से मुठभेड़ उपरांत काबू किया था। जो आरोपी कलायत होटल पर लूट का प्रयास करने तथा कैथल से स्कूटी सहित नकदी लूटने के मामले में वांछित था। इसके अतिरिक्त अलग अलग मामलों में 3 आरोपियों को काबू कर बेहतरीन कार्य किया गया था।

## 12 लाख की राशि के भुगतान पर फिर उठे सवाल

# देवीलाल पार्क रोड के नाले में मिला डेढ़ फुट तक मलबा

अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से फर्जी बिल तैयार कर भुगतान का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

शहर के देवीलाल पार्क रोड स्थित नाले की सफाई के दौरान एक बार फिर निर्माण एवं मरम्मत कार्य को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायतकर्ता संभालू जिंदल ने आरोप लगाया है कि नाले की उचित सफाई और मरम्मत किए बिना ही करीब 12 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि मौके पर नाले के भीतर बड़ी मात्रा में मलबा जमा मिला है। वहीं नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि शिकायतों की जांच विजिलेंस स्तर पर चल रही है।



**गुहला-चीका।** देवीलाल पार्क रोड पर नाले की स्लैब हटाने के बाद अंदर जमा भारी मात्रा में मलबा व गाद दिखाई देती हुई। *फोटो : हरिभूमि*

### जलभराव बना परेशानी

शिकायतकर्ता संभालू जिंदल ने बताया कि हल्की बारिश के बाद पार्क रोड पर जलभराव की स्थिति बनने पर नगर पालिका ने जेसीबी मशीन से नाले की स्लैब हटाकर सफाई शुरू करवाई। दूसरे दिन की कार्रवाई में दो-तीन और स्लैब हटाने पर नाले के अंदर करीब एक से डेढ़ फुट तक मलबा भरा मिला। उनका दावा है कि लगभग 20 फुट क्षेत्र की सफाई में ही दो ट्रॉली मलबा निकला, जबकि पूरे नाले की गहराई करीब ढाई फुट है। ऐसे में नाले के अंदर भारी मात्रा में जमी गाद के कारण पानी की निकासी प्रभावित होना स्वाभाविक है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा पहले कराए गए निर्माण एवं मरम्मत कार्य में न तो नाले की समुचित सफाई कराई गई और न ही निर्धारित कार्य पूरे किए गए। इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार को लगभग 12 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से फर्जी बिल तैयार कर सरकारी धन का भुगतान किया गया।

> भारी मात्रा में जमी गाद से पानी की निकासी प्रभावित

संभालू जिंदल ने बताया कि इस संबंध में वह कई बार नगर पालिका प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत दे चुके हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई।

### स्लैब हटाकर सफाई करवाई जा रही

नगर पालिका के दरोगा ईशम सिंह ने बताया कि उनके निर्देश पर जेसीबी मशीन से नाले की स्लैब हटाकर सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नाले की पूरी सफाई के बाद जल निकासी व्यवस्था सामान्य हो जाएगी। नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि यदि कहीं जलभराव की स्थिति है तो उसे तत्काल दूर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नाले के निर्माण एवं भुगतान से संबंधित शिकायतों की जांच विजिलेंस द्वारा की जा रही है और जांच रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।

## चढ़ावा मामले में बड़े डाकुओं को बचा रही सरकार: गुप्ता



**कैथल।** आप प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता का स्वागत करते आप नेता।

- हरियाणा के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं :डा. सुशील गुप्ता
- अमित शाह के दबाव में राजस्थान को पानी देने के फैसले पर 'आप' की खुली चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में पार्टी के सक्रिय एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी को धरातल पर मजबूत करने, आगामी लक्ष्यों को तय करने और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान कैथल के सक्रिय कार्यकर्ताओं में अद्भुत जोश और उत्साह देखने को मिला।बैठक में जगमग मटौर को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाया गया । इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व समेत सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व की उम्मीद पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूँगा और पूरे जिले में मजबूत संगठन तैयार करूँगा भाजपा सरकार और कानून-व्यवस्था पर बोला तीखा हमला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डॉ. सुशील गुप्ता ने राम मंदिर, अयोध्या में चढ़ावा लूट के मामले पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। सरकार की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते कहा कि सरकार इस महाघोटाले के 'बड़े डाकुओं' पर कार्रवाई करने से कतरा रही है और उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है।

**ये रहे मौजूद**


प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत, महिला प्रदेश अध्यक्षा डॉ. रजनीश जैन कैथल के जिला अध्यक्ष जगमग मटौर , मास्टर सतबीर गोयत, सुखबीर चहल, सोनिया शर्मा, बबली कौल, मानवी वालिया, अमरीक सिंह, प्रदीप कुराड़, मा. दिलबाग सिंह, जोगिंदर जजानपुर, करण सिंह जजानपुर, जसमेर श्योकंद, सुरेश कौल, इश्म सिंह, रघबीर हाबड़ी आदि मौजूद रहे।

# होनहारों को किया सम्मानित

- राजकीय स्कूल के चार छात्रों ने पाया आईआईटी में दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नोडल अधिकारी कुशल कुमार ने बताया कि इस वर्ष जिले के आठ विद्यार्थियों ने जेईई परीक्षा में सफलता हासिल की। इनमें से चार विद्यार्थियों का चयन आईआईटी में हुआ है। चयनित होने वालों में राजकीय माध्यमिक विद्यालय, भूसला की खुशप्रीत कौर, राजकीय कन्या विद्यालय, देवबन की प्रतिष्ठा पांचाल, राजकीय विद्यालय, बालू के राहुल कुमार तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन के रवि कुमार शामिल हैं। जिला कैथल के सुपर 100 के चार विद्यार्थियों को जिनका आईआईटी और एनआईटी में दाखिला हुआ है, उन बच्चों को मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सम्मानित किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा ने बताया कि यह हमारे जिला कैथल के लिए गर्व की बात है कि हमारे सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी आज आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में दाखिला ले रहे हैं आज हमारे सरकारी विद्यालयों की पढ़ाई का स्तर बहुत ही ऊंचा है। सम्मानित बच्चों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षण आपको हमेशा जीवन में याद रहेगा।



**कैथल।** सीएम नायब सिंह सैनी तथा पूर्व सीएम मनोहर लाल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## प्राचीन कपिल मुनि सरोवर के विकास एवं पर्यटन से जुड़ी संभावनाओं को मिला बढ़ावा

**कलायत।** प्राचीन कपिल मुनि सरोवर पर स्थित महाभारत कालीन श्मशान भूमि के माध्यम से विकास एवं पर्यटन से जुड़ी संभावनाओं को बढ़ावा देने की नई पहल की है। इसके तहत प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर स्थित श्मशान भूमि व इसके आसपास के इलाके को सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यटन की दृष्टि से नई पहचान दी जाएगी। इसी कड़ी में जनसहयोग और सामाजिक भागीदारी को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्मशान भूमि के प्रथम पड़ाव स्थल पर भव्य मुख्य द्वार के निर्माण में सहयोग देने वाले स्वर्गीय सरपंच रत्ती राम एवं मास्टर रवि दत्त निर्मल के परिवारजनों के साथ-साथ श्री बालाजी फर्टिलाइजर के संचालक सतीश कुमार गर्ग द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय संतोष देवी गर्ग की स्मृति में मुख्य द्वार से अंतिम पड़ाव स्थल तक निर्मित विशाल स्टील शेड का विधिवत लोकार्पण किया गया। खास बात यह रही कि इस लाखों रुपए बजट के इन कार्यों को उक्त दोनों परिवारों ने अपने निजी कोष से पूर्ण करवाया है।



**कलायत।** कपिल मुनि सरोवर तट पर स्थित श्मशान भूमि में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्र के लोग। *फोटो :हरिभूमि*

## न्यूज डायरी

### शक्ति सिंह ने संभाला ढांड थाना प्रभारी का कार्यभार

**ढांड।** कस्बा ढांड थाना में सब इंस्पेक्टर शक्ति सिंह ने नए थाना प्रभारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। सब इंस्पेक्टर शक्ति सिंह इससे पहले कैथल के सदर थाना, सिविल लाइन थाना, सिटी थाना सहित जिले के विभिन्न पुलिस थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने अनुभव, कार्यशैली और अनुशासन के कारण उन्होंने पुलिस विभाग में एक कर्मठ एवं जिम्मेदार अधिकारी के रूप में पहचान बनाई है। नवनियुक्त थाना प्रभारी शक्ति सिंह ने कहा कि ढांड क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### छात्रवृत्ति योजना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**गुहला-चीका।** सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संचालित नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना को अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीवन स्थित परम ज्योति स्कूल ऑफ नर्सिंग में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सांसद कार्यालय कैथल के प्रभारी रविंद्र धीमान ने नर्सिंग छात्राओं को योजना संबंधी पुस्तिका वितरित कर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शी एवं जनहितकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव, स्कूल और पात्र विद्यार्थी तक योजना की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से सशक्त होगी पुलिस जांच प्रणाली

**कैथल।** जिला पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों को आधुनिक तकनीक के प्रयोग के प्रति दक्ष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत करनाल मंडल कार्यालय में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण अशोक कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, करनाल मंडल, करनाल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इसमें करनाल मंडल के अंतर्गत आने वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। उक्त प्रशिक्षण स्तर में जिला कैथल से 15 अनुसंधान अधिकारियों ने इसमें सहभागिता की। करनाल मंडल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में 6 प्रबंधक थाना तथा 45 अनुसंधान अधिकारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक डिजिटल टूल्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज में पौधरोपण करते प्रिंसिपल डॉ. तुरान व अन्य।

## पूंडरी: डीएवी कॉलेज में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज में लीगल लिटरेसी सेल की ओर से कॉलेज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इनसे मिलने वाली ऑक्सीजन लोगों को स्वस्थ रखने और अनेक बीमारियों से बचाने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे वातावरण को शुद्ध रखने के साथ-साथ भू-जल स्तर बढ़ाने, मिट्टी के कटाव को रोकने तथा जलवायु परिवर्तन जैसी प्राकृतिक चुनौतियों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

# नशा मुक्ति अभियान को मिशन मोड में चलाएं सभी विभाग: सुशील कुमार

- नशा मुक्ति केंद्रों एवं मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण के लिए संयुक्त टीम की गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करें। नशा मुक्ति केंद्रों के नियमित निरीक्षण के साथ-साथ मेडिकल स्टोरों की भी आकस्मिक जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। साथ ही बिना वैध डिग्री एवं पंजीकरण के चिकित्सा का कार्य करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एडीसी सुशील कुमार जिला सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में नशा मुक्ति केंद्रों के निरीक्षण, ड्रग कंट्रोलर द्वारा मेडिकल स्टोरों पर की गई कार्रवाई, पुलिस विभाग की प्रगति तथा विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अब तक 5,10,869 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया

**कैथल।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले की चारों विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करने तथा उन्हें एकत्रित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिले में कुल 8,28,255 मतदाताओं में से अब तक 5,10,869 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। अभियान के दौरान अब तक 19,834 मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट श्रेणी में चिन्हित किए गए हैं। डीसी अपराजिता ने बताया कि बीएलओ द्वारा तैयार की गई ऐसे मतदाताओं की सूची संबंधित राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ साझा की जाएगी। इसके अलावा आमजन की जानकारी के लिए सीईओ हरियाणा तथा डीईओ कैथल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम अनावश्यक रूप से मतदाता सूची से न हटे। बताया कि 21 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा।

## सभी विद्यालयों में लागू होगी खेल आधारित जागरूकता पहल

# कैथल बना सड़क सुरक्षा शिक्षा का मॉडल

नवाचारी शिक्षण सामग्री, जुलाई माह से सभी विद्यालयों में होगा क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में कैथल जिले ने एक अभिनव पहल करते हुए पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से डॉ. विजय कुमार चावला, हिंदी प्राध्यापक, द्वारा विकसित खेल आधारित सड़क सुरक्षा जागरूकता सामग्री को जिले के सभी विद्यालयों में लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेल-खेल में सड़क सुरक्षा के नियमों से परिचित कराना तथा उनमें सुरक्षित यातायात व्यवहार विकसित करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस नवाचारी पहल के अंतर्गत विशेष रूप से तैयार किया गया /"सड़क सुरक्षा साँप-सीढ़ी खेल/", गतिविधि आधारित शिक्षण सामग्री तथा सहभागितापूर्ण अभ्यास विद्यालयों में विद्यार्थियों को आकर्षक एवं रोचक तरीके से सड़क सुरक्षा के नियम सीखने का अवसर प्रदान करेंगे। यह सामग्री विद्यार्थियों में हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, ट्रैफिक संकेतों की जानकारी, पैदल यात्रियों की सुरक्षा तथा जिम्मेदार नागरिक व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति व्यवहारिक समझ विकसित करेगी।

### अभिभावकों को भी प्रेरित करेंगे



पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बच्चों और युवाओं में प्रारंभिक स्तर से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इस पहल का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके माध्यम से परिवार एवं समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश पहुँचाना है। उनका विश्वास है कि जब बच्चे स्वयं यातायात नियमों का पालन करेंगे और अपने अभिभावकों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे, तब सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी। जुलाई माह से जिले के सभी विद्यालयों में इस खेल आधारित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का चरणबद्ध क्रियान्वयन किया जाएगा। विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं तथा सहभागितापूर्ण खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह पहल शिक्षा एवं पुलिस विभाग के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो कैथल को सड़क सुरक्षा शिक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल जिले के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।



**कैथल।** डॉ. डीएस पंवार एवं मिसेज पंवार अस्तपाल के 15 साल पूरे होने पर केक काटते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## कैथल: जयपुर अस्पताल के 15 साल पूरे होने पर केक काटा व बांटी मिठाइयां

**कैथल ।** जयपुर अस्पताल कैथल ने गौरवमयी सेवा यात्रा के 15 वर्ष पूर्ण होने पर डॉ. डी.एस. पंवार एवं मिसेज पंवार द्वारा केक काटकर और मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। डा. पंवार ने जयपुर अस्पताल में चिकित्सा क्षेत्र की उत्कृष्ट कार्यशैली और अनुभव प्राप्त कर उसे कैथल की जनता की सेवा में समर्पित किया। पिछले डेढ़ दशक से उन्होंने अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा, अथक परिश्रम, मानवीय दृष्टिकोण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से न केवल शहर बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों का अटूट विश्वास जीता है। उनके द्वारा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए उपचार में रियायत देकर सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल कायम की है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार जींद।**

**मै सज्जन कुमार पुत्र स्वर्गीय दिलबाग सिंह पुत्र स्वर्गीय धूप सिंह निवासी अजमेर बस्ती तहसील व जिला जींद**
**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि (प्रार्थी) सज्जन कुमार पुत्र स्वर्गीय दिलबाग सिंह पुत्र स्वर्गीय धूप सिंह निवासी अजमेर बस्ती तहसील व जिला जींद ने बताया है कि प्रार्थी के पिता दिलबाग सिंह पुत्र धूप सिंह एक कित्ता जायदाद रकबा 200 वर्गगज में से 1/4 भाग यानि 50 वर्गगज के मालिक व काबिज बतोर वसीका बयनामा नंबर 1794 दिनांक 18/09/1992 तसदीकशुदा सब रजिस्ट्रार साहब जींद के अनुसार थे। प्रार्थी ने अपने पिता दिलबाग सिंह के स्वर्गवास उपरांत उनसे विरासत मे मिले हिस्से को विक्रय पत्र/ ट्रांसफरडीड पंजीकृत हेतु इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता दिलबाग सिंह पुत्र धूप सिंह का स्वर्गवास दिनांक 17/10/2021 को हो चुका है व दिलबाग सिंह की मां भरपाई पत्नी स्वर्गीय धूप सिंह का स्वर्गवास भी काफी वर्षों पहले हो चुका है। दिलबाग सिंह पुत्र धूप सिंह के स्वर्गवास उपरांत उनके लीगल वारिसो के नाम इस प्रकार से है-

1- सरोज विधवा, 2-सज्जन कुमार पुत्र, 3-बेबी, 4-आरती पुत्रियां स्वर्गीय दिलबाग सिंह पुत्र स्वर्गीय धूप सिंह पुत्र स्वर्गीय हीरा सिंह है।

इनके अलावा उपरोक्त दिलबाग सिंह पुत्र स्वर्गीय धूप सिंह का अन्य कोई लीगल वारिस / उतराधिकारी नही है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उताराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अंदर-अंदर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है।

वह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 06.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- सब रजिस्ट्रार, जींद

## खबर संक्षेप



### महिला पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गांव भानपुरा में महिला व लड़कियों पर हमला करके चोटे मारने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया गया। थाना सदर एसएचओ एसआई कुलदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 जुलाई को गांव भानपुरा निवासी महिला रेखा की एक शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें उसके द्वारा उसके पति, देवर, देवरानी व सास पर उसके व उसकी बेटियों पर लाठी डंडे से हमला करके चोटे मारने के आरोप लगाए गए थे। जिस घटना की एक विडियो भी सामने आई थी। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा तुरंत थाना सदर पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए गए।

### उचाना हलका संयोजक बने सुरेंद्र नंबरदार

**उचाना।** भाजपा ने मन की बात कार्यक्रम के लिए उचाना हलका संयोजक के रूप में भाजपा नेता सुरेंद्र नंबरदार की नियुक्ति की है। जिम्मेदारी मिलने पर सुरेंद्र नंबरदार ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, मन की बात प्रदेश प्रभारी सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश सह-संयोजक मनोज, लोकसभा संयोजक मंदीप मलिक, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, बलदेव वाल्मीकि, संजय पंवार, रिछपाल शर्मा, दीपक बुडायन तथा विकास श्योकंद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर कल रोष प्रदर्शन

**जींद।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर आगामी पांच जुलाई को रेवाड़ी स्थित स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के आवास पर रोष प्रदर्शन करेंगे। स्वास्थ्य सुपरवाइजर द्वारा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एशो के आंदोलन का समर्थन करते हुए पांच जुलाई के रोष प्रदर्शन में प्रदेश के सैकड़ो स्वास्थ्य सुपरवाइजर भाग लेंगे।

### साइबर ठगों ने 8 लाख 7 हजार रुपये ठगे

**कैथल।** कैथल में साइबर ठगों द्वारा तीन मामलों में 8 लाख 7 हजार की ठगी करने का मामला सामने आया है। पहले मामले में गांव कुराड की एक महिला से दोस्ती कर उसे आभूषण, आईफोन व ब्रांडेड कपड़े का झांसा देकर उसके साथ 293000 की धोखाधड़ी की। गांव कुराड़ की अमरजीत ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अक्टूबर 2025 को एक व्यक्ति ने उसके साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर ली। बाद में आभूषण, आईफोन व ब्रांडेड कपड़े दिलाने का झांसा देते हुए अलग-अलग समय में उसे खाते से 293000 की राशि निकाल ली। गांव बलबेहड़ा के राकेश कुमार ने बताया कि साइबर ठगों ने उसके साथ 200000 की ऑनलाइन धोखाधड़ी की। सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जल्द पटरियों पर उतरेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन, तैयारियां तेज

# रेलवे डीआरएम ने जींद जंक्शन और हाइड्रोजन प्लांट का किया निरीक्षण

- जीरो पॉल्यूशन के साथ जींद से दौड़ेगी भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन
- 120 की स्पीड और केवल पानी निकलेगा बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जल्द ही रेलवे ट्रैक पर सुचारू रूप से चलती नजर आएगी। फिलहाल हाइड्रोजन ट्रेन का लगातार जींद, सोनीपत, दिल्ली रूट पर ट्रायल किया जा रहा है। शुक्रवार को ट्रायल की जानकारी लेने के लिए दिल्ली डिवीजन के डीआरएम पुष्पेश त्रिपाठी स्पेशल ट्रेन से रेलवे अधिकारियों की टीम के साथ जींद जंक्शन पर पहुंचे। यहां उन्होंने रेलवे जंक्शन तथा हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया। वहीं स्टेशन परिसर, हाइड्रोजन प्लांट और एकलव्य स्टेडियम स्थित हेलीपैड का जायजा भी लिया। क्यास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करेंगे।



जींद। हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण करते हुए रेलवे डीआरएम पुष्पेश त्रिपाठी।

### हर ट्रैक पर किया जा सकता है ट्रायल

हाइड्रोजन ट्रेन के जींद से सोनीपत, दिल्ली व रोहतक रूट पर हो रहे हाई स्पीड ट्रायल के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि अलग-अलग ट्रैक पर ट्रायल किए जा सकते हैं।ट्रायल अभी चल रहा है। प्रयास है कि 10 से 12 दिन में ट्रायल पूरा कर लिया जाए। हाइड्रोजन ट्रेन में यात्रियों के लिए क्या बेहतर सुविधाएं मिलने के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसमें जीरो पाल्यूशन उत्सर्जन होगा। उन्होंने कहा कि डीजल जलने पर हानिकारक गैस पैदा होती हैं।

### स्पेशल ट्रेन से जींद जंक्शन पहुंचे डीआरएम

रेलवे के डीआरएम पुष्पेश त्रिपाठी शुक्रवार को जींद जंक्शन पर पहुंचे और रेलवे परिसर की जांच की। बाकायदा यहां उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से व्यवस्थाओं को लेकर बातचीत की। इसके बाद उन्होंने हाइड्रोजन प्लांट व ट्रेन को भी देखा। निरीक्षण के बाद रेलवे डीआरएम पुष्पेश त्रिपाठी ने बताया कि हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल बेहद एडवांस स्टेज पर पहुंच गया है। सोनीपत-जींद रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का स्पीड ट्रायल हो चुका है।



जींद। रेलवे जंक्शन का निरीक्षण करते हुए रेलवे डीआरएम पुष्पेश त्रिपाठी।

### जींद जंक्शन की बिल्डिंग की तारीफ

डीआरएम ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत जींद जंक्शन की काफी अच्छी बिल्डिंग बनकर तैयार हुई है। हाइड्रोजन फिलिंग के लिए प्लांट भी काफी अच्छी तरीके से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कमियां नही, बल्कि अच्छाइयां ज्यादा हैं। उम्मीद करते हैं कि जल्द ही ट्रेन यात्रियों के लिए चलाई जा सके। हाइड्रोजन प्लांट में गैस उत्पादन नहीं होने के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि हाइड्रोजन प्लांट का प्रोजेक्ट एक बड़ा प्रोजेक्ट है। यह परियोजना भारत में पहली बार आ रही है।

### रेलवे डीआरएम ने स्टेडियम हैलीपेड का किया निरीक्षण

कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन किया जाएगा। इसी के चलते रेलवे डीआरएम ने एकलव्य स्टेडियम में हेलीपैड के निरीक्षण किया। डीआरएम ने स्पष्ट किया कि फिलहाल कोई आधिकारिक शेडयूल या टेंटेटिव प्रोग्राम नहीं आया है लेकिन यह देश का एक बेहद प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट है। इसलिए संभावना है कि निकट भविष्य में कोई बड़ा वीवीआईपी इसका उद्घाटन करे।



जींद। निरीक्षण के दौरान पूछताछ करते डीआरएम। फोटो: हरिभूमि

## जींद जंक्शन के नए भवन में कूड़ा देख डीआरएम ने फटकारा

- उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के रेल प्रबंधक (डीआरएम) पुष्पेश रमन त्रिपाठी शुक्रवार को निरीक्षण के लिए जींद जंक्शन पर पहुंचे। यहां नए भवन में कचरा फैला देख उन्होंने नाराजगी दिखाई और अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। वहीं निरीक्षण के दौरान डीआरएम फीडिंग रूम में भी पहुंचे। यहां उन्होंने देखा कि कमरे में पंखा नहीं लगा है। इस पर उन्होंने अधिकारियों से सवाल किया कि गर्मी के मौसम में यदि कोई महिला अपने बच्चे को दूध पिलाने आएगी तो बिना पंखे के वह यहां कैसे बैठ सकेगी। उन्होंने तत्काल फीडिंग रूम में पंखा लगाने और वहां महिलाओं एवं बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की छोटी-छोटी सुविधाओं की भी अनदेखी नहीं होनी चाहिए। डीआरएम अपने स्पेशल यान में सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर जंक्शन पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण की शुरुआत स्टेशन के नए भवन से की। उन्होंने प्रवेश द्वार, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद डीआरएम ने हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगतिए तकनीकी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना के संचालन से पहले स्टेशन की प्रत्येक व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए।

### उद्घाटन तिथि तय नहीं

डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने कहा कि विश्व में गिने-चुने देशों में ही हाइड्रोजन ट्रेन चल रही है। इन परियाजोनाओं में थोड़ी बहुत खामियां आती हैं, जिन्हें दूर किया जा रहा है। उद्घाटन को लेकर अभी कोई शेड्यूल नहीं आया है और न ही अभी कोई संभावित तारीख तय हुई है। उद्घाटन कौन करेगा, यह सरकार देखेगी।

## उचाना का विकास कांग्रेस राज में हुआ

- सांसद जयप्रकाश ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना, कहा-हरियाणा में भ्रष्टाचार बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

कांग्रेस सांसद जयप्रकाश शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह उचाना पहुंचे। यहां उन्होंने आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों के माध्यम से उनके समाधान का भरोसा दिलाया। पत्रकारों से बातचीत में सांसद जयप्रकाश ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार चरम पर है और बेरोजगारी विकराल रूप धारण कर चुकी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से नौकरियां दी जा रही हैं, जिससे उनका शोषण हो रहा है। वहीं महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि यदि उचाना के विकास की तुलना करनी हो तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दस वर्ष के कार्यकाल और भाजपा के 12 वर्ष के शासनकाल को देखा जाए। इससे स्पष्ट हो जाएगा कि उचाना में वास्तविक विकास किस सरकार के समय हुआ। सांसद ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती थी, लेकिन कुछ ऐसी पार्टियों हैं, जिनकी बागडोर दिल्ली से संचालित होती है।



उचाना। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचे कांग्रेस सांसद जयप्रकाश। फोटो: हरिभूमि

## बायो गैस प्लांट पहुंची प्रदूषण बोर्ड की टीम

- प्लांट अधिकारियों से अवशेषों के प्रबंधन को लेकर की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल के निर्देशों पर हरियाणा प्रदुषण बोर्ड की एक टीम ने शुक्रवार को गोहाना रोड से सटे रिहायशी क्षेत्र में बने बायो गैस प्लांट की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान प्लांट के अधिकारी और आसपास की कॉलोनियों और गांव के लोग भी मौजूद थे। प्रदुषण बोर्ड की टीम में शामिल रिजनल अधिकारी अश्विनी कुमार और एसडीओ अनिल कुमार ने स्थानीय लोगों के सामने आ रही समस्याओं को मौके पर ही सुना और प्लांट द्वारा तैयार की जा रही गैस की तकनीक के बारे में जानने के साथ-साथ अवशेषों के प्रबंधन को लेकर भी पुछताछ की। इस मौके पर मौजूद एम्पलाइज कॉलोनी के प्रधान दयानंद भनवाला, पार्षद प्रतिनिधि बलबीर श्योराण, राकेश भनवाला सहित अनेक लोग मौजूद थे। इन लोगों ने कहा कि बायो गैस प्लांट के कारण जो धुंआ उठता है उसके कारण उनका यहा रहना मुश्किल हो गया है। सुबह उठते है तो गला खराब मिलता है। खासकर बुजुर्ग और बच्चे तो इस प्लांट के शुरू होने के बाद परेशानी से गुजर रहे है। इन लोगों ने कहा कि प्लांट में पराली को प्रतिदिन काटा जा रहा है। जब पराली को काटा जाता है तो उसकी धुल सांसो के साथ शरीर में अंदर जाकर बड़ी परेशानी खड़ी कर रही है।



जींद। निरीक्षण करते हुए अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### अफसरों से पूछताछ

हरियाणा प्रदुषण बोर्ड के रिजनल अधिकारी अश्विनी कुमार ने कहा कि प्लांट के अधिकारियों से पूछताछ की गई है कि वे कैसे अवशेषों का प्रबंधन करते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्लांट के कारण उनको बड़ी समस्याएं आ रही हैं। खासकर रात में धुंआ और धुल उठने लगता है। इसलिए बोर्ड की टीम किसी भी रात को औचक निरीक्षण करेगी। आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## सीएम के कार्यक्रम में शामिल होने की मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा जिला कैथल ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 5 और 6 जुलाई 2026 को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अनुमति मांगी है। इस संबंध में सभा के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक कैथल को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया गया कि हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के जिला कैथल के चौकीदार भी अपनी मांगों के समर्थन में कुरुक्षेत्र में होने वाले धरना-प्रदर्शन में भाग लेना चाहते हैं। सभा का कहना है कि यदि जिले के चौकीदार प्रदर्शन में शामिल होंगे तो संबंधित गांवों में ड्यूटी पर चौकीदार उपलब्ध नहीं रहेंगे। सभा ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि 5 व 6 जुलाई को चौकीदारों को धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की कानूनी बाधा या प्रशासनिक कार्रवाई का सामना न करना पड़े।



कैथल। एसपी को ज्ञापन सौपने पहुंचे ग्रामीण चौकीदार। फोटो: हरिभूमि

### अपनी मांगें रखने का मिलेगा मौका

कुरुक्षेत्र में 5 और 6 जुलाई को होना है सीएम का कार्यक्रम। ग्रामीण चौकीदारों ने उम्मीद जताई है कि उन्हें उसमें शामिल होने की अनुमति मिल जाएग और वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख सकेंगे। ज्ञापन पर हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के जिला पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं। सभा ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर चौकीदारों को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग रखने का अवसर देगा।

## सरकारी दुकानों का किराया जमा न कराने वाले दुकानदारों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने शुक्रवार को चीका नगरपालिका के निकट स्थित सरकारी दुकानों का निरीक्षण किया और लंबे समय से किराया जमा न कराने वाले 17 दुकानदारों को नोटिस जारी किए। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने स्वयं मौके पर पहुंचकर दुकानदारों से निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया किराया जमा कराने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 16 जुलाई तक किराया जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। यदि इस अवधि में बकाया राशि जमा नहीं कराई गई तो संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करते हुए दुकानों को खाली करवाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। उन्होंने चीका शहर की सभी सरकारी दुकानों के किरायेदारों को भी निर्देश दिए कि वे समय पर किराया जमा कर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बलराज मलिक भी मौजूद रहे।



गुहला-चीका। एसडीएम मनीष यादव दुकानों का निरीक्षण करते हुए।

## सामाजिक संगठनों, खाप प्रतिनिधियों ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** सामाजिक संगठनों, खाप प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को अरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से खानपूर वाटर वर्क्स से हांसी शहर को जाने वाली 36 इंची मुख्य पेयजल पाइपलाइन से चानौत गांव को छह इंची कनेक्शन उपलब्ध करवाने एवं अमृत 2 योजना से जोडने की मांग की गई। माजरा खाप अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह ने बताया कि चानौत गांव में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर पिछले करीब 50 दिनों से चानौत गांव में शांतिपूर्ण धरना चल रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीण सड़क किनारे बैठकर अपनी जायज मांग को लेकर आंदोलन करने को मजबूर हैं, जिसमें महिलाएंए बच्चे एवं बुजुर्ग भी शामिल हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**सजगता** एंबुलेंस में मौजूद हर उपकरण को गहनता से परखा

# नागरिक अस्पताल को हैंडओवर हुई नई एएलएस एंबुलेंस की सीएमओ ने की जांच

- एंबुलेंस में मौजूद स्ट्रेचर को अंदर और बाहर निकलवा कर देखा
- एएलएस एंबुलेंस चालकों को रख-रखाव को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को हाल ही में हैंडओवर की गई नई एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस की मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुमन कोहली ने शुक्रवार को विस्तृत जांच की। नई एंबुलेंस के आगमन से इमरजेंसी के मामलों में जिले के स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिली है। सीएमओ ने एंबुलेंस के पास पहुंचते ही पूरे वाहन का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने एंबुलेंस में लगे हर उपकरण की बारीकी से जांच की। ऑक्सीजन सिलेंडर, डिफिब्रिलेटर, कार्डियक मॉनिटर, वेंटिलेटर, इंजेक्शन पंप, स्प्लिंट्स, दवाइयों की किट और अन्य जीवन रक्षक उपकरणों की कार्यक्षमता, बैटरी बैकअप और स्टॉक की स्थिति को उन्होंने खुद चेक किया। डा. कोहली ने स्पष्ट किया कि एएलएस एंबुलेंस किसी भी गंभीर मरीज को अस्पताल ले जाते समय चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराती है, इसलिए उपकरण सौ प्रतिशत दुरुस्त होना चाहिए।



जींद। एएलएस एंबुलेंस में लगे मॉनिटर को जांचतीं सीएमओ डॉ. सुमन कोहली।

### स्वास्थ्य विभाग के पास हो गई कुल 32 एंबुलेंस

नागरिक अस्तपताल एंबुलेंस के नोडल अधिकारी डा. रवि राणा ने बताया कि विभाग के पास अब कुल 32 एंबुलेंस हो गई हैं। नई एएलएस एंबुलेंस को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले को उपलब्ध कराई गई है। इससे पहले जिले में उपलब्ध एंबुलेंसों की तुलना में यह अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है, जो हृदयाघात, स्ट्रोक, सड़क दुर्घटना और अन्य गंभीर आपात स्थितियों में बेहतर इलाज सुनिश्चित करेगी।

### एसडीएम ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने संभावित बाढ़ के दृष्टिगत चीका के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कैथल पटियाला रोड स्थित टटियाणा गेज पर पहुंचकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से बाढ़ बचाव के लिए किए गए प्रबंधों के बारे में पूर्ण जानकारी ली। इसके बाद एसडीएम मनीष कुमार यादव सरोला साइफन पहंचे, जहां उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव रत्ताखेडा लुकमान पर बने कुड़ी वाला (बांध) का भी निरीक्षण किया। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि घग्गर नदी के साथ ड्रेनों, नालों की सफाई के कार्य को जल्द पूरा करें।